झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची

PROJECT RAIL

(REGULAR ASSESSMENT FOR IMPROVED LEARNING)

GENERAL SCHOOL

विषय : राजनीतिक विज्ञान | कक्षा : 11

समय : 1 घण्टा | पूर्णांक : 20

सामान्य निर्देश :

1. इस प्रश्न–पत्र में कुल 12 प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
2. प्रश्न के प्रकार एवं अंक :

   प्रश्न 1 से 6 – वस्तुनिष्ठ प्रश्न **6 x 1 = 6**

   प्रश्न 7 से 10 – लघु उत्तरीय प्रश्न **4 x 2 = 8**

   प्रश्न 11 एवं 12 – दीर्घ उत्तरीय प्रश्न **2 x 3 = 6**
3. प्रश्न संख्या 1 से 6 बहुविकल्पीय प्रकार है। 6 बहुविकल्पीय प्रश्नों में से 2 प्रश्न योग्यता आधारित प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न 1 से 6 के लिए चार विकल्प दिए गए है, सही विकल्प (क, ख, ग, घ) का चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखना है।
4. परीक्षा की समाप्ति से पहले किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं है।

SECTION – A वस्तुनिष्ठ प्रश्न **6x1 = 6**

1. कौन–सा अधिकार अन्तःकरण स्वतन्त्रता की कामना करता है ?
   (क) सामाजिक अधिकार
   (ख) राजनीतिक अधिकार
   (ग) आर्थिक अधिकार
   (घ) नैतिक अधिकार
2. अधिकारों की सामाजिक उपयोगिता का सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया ?
   (क) थामस हॉब्स
   (ख) जॉन लॉक
   (ग) थामस हिल ग्रीन
   (घ) एच. जे. लास्की

RAIL 03.11.2026

3. महिलाओं का सबसे पहले मताधिकार किस देश में मिला ?
   (क) न्यूज़ीलैंड
   (ख) आस्ट्रेलिया
   (ग) ब्रिटेन
   (घ) अमेरिका
4. किस देश के नियम में रक्त के आधार पर नागरिकता मिलती है ?
   (क) ब्रिटेन
   (ख) अमेरिका
   (ग) फ्रांस
   (घ) कनाडा
5. 'ए थ्योरी ऑफ जस्टिस' नामक पुस्तक किसने लिखी ?
   (क) जॉन रॉल्स
   (ख) आर. एच. टॉनी
   (ग) जे. एस. मिल
   (घ) एल. टी. हाबहाउस
6. न्याय व्यवस्था को सुरक्षित रखने में किस तत्व की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है ?
   (क) दल प्रणाली
   (ख) स्वतंत्र प्रेस व मीडिया
   (ग) प्रभावी विधिक व न्यायिक व्यवस्था
   (घ) लिखित संविधान

SECTION – B लघु उत्तरीय प्रश्न **4x2 = 8**

7. संरक्षणात्मक न्याय का क्या अभिप्राय है ?
8. नैतिक व वैधानिक अधिकार में क्या अन्तर है ?
9. दोहरी नागरिकता की स्थिति का वर्णन कीजिए।
10. किन परिस्थितियों में नागरिकता की हानि हो सकती है ?

SECTION – C दीर्घ उत्तरीय प्रश्न **2x3 = 6**

11. सामाजिक न्याय का क्या अर्थ है ? इस बारे में उदारवादी व समाजवादी दृष्टिकोणों का विवेचन कीजिए।
12. किसी राज्य की पहचान वहाँ अधिकारों की व्यवस्था से होती है। (लास्की) इस कथन की समीक्षा कीजिए।

RAJ 03.11.2026